## एक नजर

### नवागत कलेक्टर ने माँ नर्मदा का किया पूजन



**नर्मदापुरम** नवागत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व नर्मदापुरम के प्रसिद्ध सेठानी घाट पहुंचकर मां नर्मदा का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस दौरान उन्होंने जिले की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। सेठानी घाट पर पहुंचने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने सर्वप्रथम मां नर्मदा को नमन किया। इसके पश्चात वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, एसडीएम पिपरिया आकिप खान, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# आईपीएल के सटोरिए पकड़ाए

## शहर के नाला मोहल्ले में चल रहा था आईपीएल सट्टा, मौके से 14 .22 लाख का माल बरामद



### जिले के मुख्य सटोरिए पुलिस गिरफ्त से बाहर

आईपीएल सटटे में नर्मदापुरम जिले के इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में भी आईपीएल सटटे का कारोबार तेजी से चल रहा है . सूत्र बताते हैं कि इटारसी के पंजाबी मोहल्ला, सिंधी कालोनी, मुख्य बाजार क्षेत्र में भी अनेक बड़े सटोरिए अपना व्यवसाय करते हैं . उन्हें पुलिस कार्यवाही करने के पूर्व कई बार सोचकर भी पकड नहीं पाती . इन सारे लोगों को नेतागिरी का संरक्षण प्राप्त है . छापेमारी में पुलिस ने कुल लगभग 14 .22 लाख का माल जब्त किया, जिसमें 25 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप और 1 टैबलेट,प्रोजेक्टर और हाई-स्पीड वाई-फाई सेटअप जब्त किया .

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 13 अप्रैल** इटारसी में पुलिस ने आईपीएल के दौरान चल रहे अवैध सट्टा कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई को जिले में अब तक की सबसे बड़ी सट्टा विरोधी कार्रवाई माना जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाला मोहल्ला स्थित एक मकान पर देर रात छापा मारा। यह मकान मुख्य आरोपी अंकित अजनेरिया का बताया जा रहा है, जहां से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए IPL मैचों पर सट्टा लगाया जा रहा था। कार्रवाई से पहले प्रशासन से सर्च वारंट भी लिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि यह रैकेट पूरी तरह टेक्नोलॉजी आधारित था। आरोपी ऑनलाइन वेबसाइट्स और डिजिटल माध्यमों से सट्टा चला रहे थे। मौके से बरामद सामग्री किसी मिनी कॉल सेंटर जैसी बताई जा रही है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और अब उनके नेटवर्क के आगे-पीछे के लिंक खंगाले जा रहे हैं, ताकि बड़े सट्टा गिरोहों तक पहुंचा जा सके।

### अपने अधीनस्थों के साथ टीम भावना, समन्वय और सौहाद्र से करें कार्य -मिश्रा

**नर्मदापुरम.** नवागत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर निवर्तमान कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्री सोमेश मिश्रा वर्ष 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे मूलतः उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के निवासी हैं। नर्मदापुरम में पदस्थापना से पूर्व वे मंडला जिले में कलेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परिचयात्मक बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नागरिक सेवा को सर्वोपरि रखते हुए आमजन की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें तथा उन्हें सरल एवं संतोषजनक तरीके से समाधान प्रदान करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विभाग में लापरवाही एवं अधीनस्थ अधिकारियों -कर्मचारियों के साथ खराब व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय, सौहार्द एवं टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। साथ ही कहा कि शासन की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और नागरिक सेवा ही हम सभी का मूल उद्देश्य होना चाहिए। सभी अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण कार्य दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सड़क सुरक्षा को लेकर भी महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। यह न केवल नियमों का पालन है, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन, एडीएम श्री अनिल जैन, अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, संयुक्त कलेक्टर श्री देवेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार आदि उपस्थित थे .

## समेरिटंस विद्यालय में लोकनृत्य की छटा बिखरी



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से चल रही चल रही नृत्य कार्यशाला का सोमवार को रंगारंग समापन हुआ। विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के नृत्य कलाकारों द्वारा बच्चों को शास्त्री नृत्य और लोक नृत्य का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने सोमवार को अपनी प्रस्तुतियां दी। इस दौरान मंच पर कथक, राजस्थानी लोकनृत्य, पहाड़ी लोक नृत्य, पंजाबी नृत्य और श्रीलंका नृत्य की छठ बिखर गई। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावक और दर्शन मंत्र मुक्त हो गए। ज्ञात रहे कि विद्यालय में उत्तराखंड के कलाकार तनुजा ओली, दीप्ति, निकिता गोस्वामी, अवंतिका, मालसी द्वारा बच्चों को पंजाबी नृत्य, श्रीलंका नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, पहाड़ी लोकनृत्य सिखाया। एक सप्ताह चली कार्यशाला में विद्यालय के सौ से अधिक बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती के पूजन से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, आरके रघुवंशी, आरके सिंह, शिखा खम्परिया, विक्रांत खम्परिया, चंदन मंडल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा कलाकारों का शाल, श्रीफल, स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। संचालन प्रमोद शर्मा ने किया.

## गुरुजनों के सम्मान के साथ हुआ कवि सम्मेलन

**पिपरिया** साहित्यकार पं.स्व. रामकृष्ण पांडे की स्मृति में अभा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें सर्वप्रथम गुरूजनो का सम्मान हुआ फिर कविताओं का घमासान चला।

मंगलवारा बाजार में कवि हरीश पांडे व मित्रता परिवार द्वारा आयोजित पं.स्व.रामकृष्ण पांडे की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन के अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत शिक्षक व गीतकार रामकिशन ठाकुर, एसएन साहू,एमएल सराठे,एमएल नायक का शाल श्रीफल,स्मृति चिंह,डायरी,पेन भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर महंत पवन सुतदास पांडे ने उपस्थित सभी कवियों का स्वागत किया.

## वर्धमान फैब्रिक्स द्वारा 600 बेडशीट्स का वितरण



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 13 अप्रैल** वर्धमान फैब्रिक्स द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम को 600 बेडशीट्स प्रदान की गईं। यह कार्यक्रम नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे , विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव तथा सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले मौजूद रहीं, जिन्होंने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक डॉ. शर्मा ने वर्धमान फैब्रिक्स के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यों की अपेक्षा जताई। कंपनी की ओर से यूनिट हेड एचएम त्रिपाठी, एडमिन हेड दिनेश के.टी, एचआर एवं आईआर हेड दीपक राणा, डिस्पेंसरी इंचार्ज दीपक सोनी और सीएसआर कोऑर्डिनेटर शोएब मिर्जा उपस्थित रहे। दीपक राणा ने बताया कि कंपनी स्थानीय रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है, जहां लगभग 40त्न महिलाएं कार्यरत हैं ।समन्वय डॉ. अखिलेश सिंघल द्वारा किया गया।

## अप्रैल की तपिश ने पकड़ी रफ्तार दिन के साथ अब रातें भी गर्म



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 13 अप्रैल** जिले में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। आंधी-बारिश का दौर खत्म होते ही गर्मी ने जोर पकड़ लिया है। खास बात यह है कि अब सिर्फ दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी गर्म महसूस होने लगी हैं। रविवार-सोमवार दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले 24 घंटे में 3.1 डिग्री बढ़ा है। वहीं अधिकतम तापमान में भी तेजी से उछाल देखने को मिल रहा । सोमवार को दिन का तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो एक दिन में करीब. 06 डिग्री की बढ़ोतरी दर्शाता है। ऐसे में बढ़ती गर्मी से फिलहाल राहत के आसार कम ही नजर आ रहे हैं।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़े पर व्याख्यान

**माखननगर, 13 अप्रैल 2026** प्रभारी प्राचार्य डॉ.आई .एस .कनेश के निर्देशन में नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत महिलाओं के कानूनी अधिकारों के लिए विशेष व्याख्यान माला आयोजित की गई सर्व प्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया. रासेयो स्वयं सेविकाओं ने तिलक लगाकर सबका स्वागत किया.मुख्य अतिथि के रूप में पधारी पार्षद श्रीमती निरंजना दुबे ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि जब तक नारी शक्ति के अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता नहीं होगी उनका शोषण होता रहेगा. स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. क्षमा मेहरा ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि समान कार्य समान वेतन हमें संविधान से प्राप्त अधिकार है जिसकी जानकारी होना अनिवार्य है.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश में नया इतिहास रचा गया - मंजरी जैन



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 13 अप्रैल** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026 को लेकर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मंजरी जैन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लागू किया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय माना जा रहा है, जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। यह अधिनियम महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है, जिससे वे नीति-निर्माण और नेतृत्व की मुख्यधारा में अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय महिलाओं को 'वोट बैंक' की सोच से बाहर निकालकर उन्हें देश का भाग्य विधाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नए संसद भवन के पहले सत्र में इस अधिनियम को प्राथमिकता देना इस बात का संकेत है कि 'नया भारत' महिलाओं के नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक संसद में 33 प्रतिशत सीटों पर महिलाओं की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हो। उन्होंने वार्ता में संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

## नि :शुल्क चिल्ड्रन समर कैम्प का आयोजन

**पिपरिया.** संकल्प फाउंडेशन द्वारा निऱ्शुल्क चिल्ड्रन समर केम्प का आयोजन 13 अप्रेल से होगा। संकल्प फाउंडेशन के निरंजन वैष्णव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चो के शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक विकास को नई दिशा देने के लिये संकल्प फाउंडेशन द्वारा निऱ्शुल्क चिल्ड्रन समर केम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस केम्प का दूसरा सत्र 13 अप्रेल सोमवार से हेलीपेड ग्राउंड पचमढी रोड पर प्रारंभ होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चो को छुट्टियों के समय का सदुपयोग सिखाना और उनमें छिपी प्रतिभा को निखारना है।

## हज यात्रियों का अंजुमन में हुआ इस्तक़बाल और प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 13 अप्रैल** सोमवार को पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों का अंजुमन माध्यमिक शाला सब्जी मंडी मे अंजुमन मुफ़िदुल इस्लाम कमेटी द्वारा समस्त हाजियों का इस्तक़बाल रखा गया,साथ ही एक प्रशिक्षण शिबिर भी आयोजित हुआ जिसमे हाजी इस्माइल साहब ने समस्त हज यात्रियों की मौजूदगी मे हज के दौरान शुरु से आख़री तक होने वाली समस्त प्रक्रियाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हज के दौरान होने वाले सभी अरकान की अदायगी कैसे हो इस पर प्रकाश डाला। इस्तक़बाल और प्रशिक्षण शिविर मे शहर के 11 हज यात्री अय्यूब भाई, सरदार खान अज़ीज़ बेग, अजीज खान,आरिफ भाई, शामिल हुए सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाइयां दी ।इस अवसर पर शहर क़ाज़ी अशफ़ाक, हाफ़िज़ अलीम साहब,मुफ़्ती शमीम अख्तर ,फैज़ान उल हक़ , जब्बार खान ,डा मुबीन , गुलाम मुस्तफ़ा, रिज़वान खान, हबीब खान,शाकिर खान, मोहतरमा शाहीन अली आदि उपस्थित थे.

## विकसित भारत हेतु विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 13 अप्रैल** देश में शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब यह केवल किताबों तक सीमित नहीं रह गया है। बदलते समय के साथ केंद्र और राज्य सरकारें इस दिशा में कार्य कर रही हैं कि स्कूल से निकलने वाला प्रत्येक विद्यार्थी न केवल शिक्षित हो, बल्कि रोजगार के योग्य भी बने। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम को तेजी से विस्तार दिया जा रहा है, जो विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा दे रहा है। मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक एवं संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण नर्मदापुरम मनीष वर्मा ने बताया कि सरकार की मंशा स्पष्ट है— स्कूली शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को ऐसा कौशल प्रदान किया जाए कि वे केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर न रहें, बल्कि स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बनें। उन्होंने कहा कि कक्षा 9वीं से ही विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि 12वीं तक पहुंचते-पहुंचते उनके पास एक मजबूत कौशल विकसित हो सके। वर्ष 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में कुल 3367 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा लागू की जा चुकी है। इनमें 3138 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 22 विभिन्न व्यावसायिक ट्रेड संचालित हो रहे हैं, जबकि 229 हाई स्कूलों में एक-एक ट्रेड चलाया जा रहा है। इन स्कूलों में 2629 समग्र शिक्षा अभियान, 648 पीएम श्री योजना तथा 90 स्कूल स्टार योजना के अंतर्गत स्वीकृत हैं।

## श्री पटेल बने वीर गुर्जर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष



**बनखेड़ी।** बनखेड़ी क्षेत्र के समीप ग्राम माल्हनवाड़ा निवासी राजकुमार पटेल को वीर गुर्जर महासभा में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज गुर्जर की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर द्वारा की गई है। राजकुमार पटेल राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े एक सक्रिय युवा नेता हैं। वे पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में संगठन मंत्री रह चुके हैं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

**विकास कार्य** | नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# खेड़ा तालाब बनेगा पिकनिक स्पॉट



नवभारत न्यूज

**इटारसी** शहर के वार्ड क्रमांक 09 स्थित खेड़ा तालाब को भव्य पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। परियोजना का अब तक 45 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका आज नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मौका मुआयना कर सघन निरीक्षण किया। अमृत 2.0 योजना के तहत लगभग 1.5 करोड़ की लागत से हो रहे इस कायाकल्प से न केवल शहर को नया पर्यटन स्थल मिलेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र के समीप होने के कारण यह स्थानीय निवासियों और श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण ऑक्सीजन जोन के रूप में भी कार्य करेगा। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ने कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर तकनीकी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके साथ स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव और उपयंत्री मयंक अरोरा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। परियोजना की मुख्य विशेषताएं और प्रस्तावित सुविधाएं, खेड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है. जल संवर्धन और स्तर में सुधार - तालाब का वैज्ञानिक पद्धति से गहरीकरण किया जा रहा है। इससे आगामी मानसून में जलभराव की क्षमता बढेगी और आसपास के संपूर्ण क्षेत्र के भू-जल स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। मजबूत अवसंरचना सुरक्षा के लिहाज से तालाब के चारों ओर सीमेंट की रिटेनिंग वॉल बनाई जा रही है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए यहाँ व्यवस्थित पाथ-वे (वॉकवे) और बैठने के लिए बेंच लगाई जाएंगी। प्रकाश एवं खान-पान - रात के समय स्थल को सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। साथ ही, पर्यटकों की सुविधा के लिए परिसर में एक कैंटीन का निर्माण भी प्रस्तावित है।

## शौर्य यात्रा को सफल बनाने का आह्वान

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 13 अप्रैल** सिवनी मालवा नगर में पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल के आगमन पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। उनके नगर आगमन पर जमींदार निवास में भव्य स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां भाजपा नेता एवं पार्षद ईश्वरदास जमींदार के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी 28 अप्रैल को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाली राजा हिरदेशाह लोधी जी की शौर्य यात्रा को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण, वार्डवासी, जमींदार परिवार एवं सजग युवा मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पार्षद ईश्वरदास जमींदार ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी की शौर्य यात्रा के तहत 28 अप्रैल 2026 को भोपाल के जंबूरी मैदान में विशाल सामाजिक समागम आयोजित किया जाएगा।

## ग्राम व नगर रक्षा समिति की बैठक संपन्न

**पिपरिया** मंगलवारा थाना में ग्राम व नगर रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन हुआ। नगर रक्षा समिति सदस्यों की बैठक अवसर पर एसडीओपी मोहित कुमार यादव ने कहा कि पुलिस के लिये आप लोग आंख,कान की तरह है। शासन की ओर से पुलिस द्वारा अच्छे से अच्छी व्यवस्था दी जा सके इस हेतु रक्षा समिति सदस्यों का सहयोग लिया जाता है। आपने कहा कि कानून व्यवस्था के लिये ग्राम व शहरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अपराध से जुडी जानकारी मिलती है तो अवश्य सूचना देवे।